# संस्कृत (Sanskrit) - 2021 (A)

## द्वितीय पाली

### खण्ड–अ ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।

1. 'अहो अमीषां किमकारि ............ स्पृहा हि नः।' यह पद्य किस पुराण से संकलित है ?
   (A) विष्णु पुराण (B) नारद पुराण (C) मार्कण्डेय पुराण (D) भागवत पुराण
2. विभिन्न जाति और धर्म के लोग भारत में कैसे रहते हैं ?
   (A) एकत्व भाव से (B) वैमनस्य भाव से (C) शत्रुत्व भाव से (D) कपट भाव से
3. 'सप्तपदी' कर्मकाण्ड किस संस्कार में होता है ?
   (A) शैक्षणिक (B) विवाह (C) उपनयन (D) जन्मपूर्व
4. भारतीय संस्कृति में कितने संस्कार होते हैं ?
   (A) बारह (B) चौदह (C) सोलह (D) ग्यारह
5. विनय किसका नाश करता है ?
   (A) कीर्ति (B) आचरण (C) धर्म (D) अकीर्ति
6. उत्तम शान्ति क्या है ?
   (A) क्षमा (B) धर्म (C) अहिंसा (D) विद्या
7. 'अस्योत्तरम्' में कौन सन्धि है ?
   (A) स्वर (B) व्यञ्जन (C) विसर्ग (D) इनमें से कोई नहीं
8. किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?
   (A) विकासः (B) वेदः (C) विनयः (D) व्यवहारः
9. किस समास का पहला पद अव्यय होता है ?
   (A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) अ[illegible]व (D) द्वन्द्व
10. 'चार्थे द्वन्द्वः' का उदाहरण कौन-सा है ?
    (A) जीवनचरितम् (B) प्राचीनकालः (C) पञ्चाननः (D) धर्मार्थकामाः
11. किस शब्द में 'आङ्' उपसर्ग है ?
    (A) आहारः (B) आजिः (C) आजकम् (D) आजगवम्
12. 'दुर्गमम्' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
    (A) दुः (B) दुर् (C) दुस् (D) दु
13. 'बहिः' के योग में कौन-सी विभक्ति होगी ?
    (A) द्वितीया (B) चतुर्थी (C) पञ्चमी (D) तृतीया
14. 'तुमर्थाच्च भाववचनात्' सूत्र से चतुर्थी विभक्ति किस वाक्य में प्रयुक्त हुई है ?
    (A) बालकाय मोदकं रोचते (B) रामः रावणाय क्रुध्यति
    (C) तस्मै श्री गुरवे नमः (D) छात्राः पठनाय विद्यालयं गच्छन्ति
15. कर्ता कारक में कौन-सी विभक्ति होती है ?
    (A) प्रथमा (B) चतुर्थी (C) द्वितीया (D) षष्ठी
16. 'भवत्' शब्द के सप्तमी विभक्ति का रूप कौन-सा है ?
    (A) भवता (B) भवत्सु (C) भवताम् (D) भवतः

BiharboardQuestionpaper.com

17. 'सखा' पद का मूलरूप क्या है ?
(A) मित्रम् (B) सखा (C) सखि (D) सखिन्
18. 'बिभेति' में कौन-सी धातु है ?
(A) भिद् (B) भी (C) भिक्ष् (D) भू
19. 'दृश्' धातु के 'लृट् लकार' का रूप कौन-सा है ?
(A) पश्यति (B) पश्येत् (C) द्रक्ष्यति (D) अपश्यत्
20. किस शब्द में 'अनीयर्' प्रत्यय है ?
(A) स्थानम् (B) दातव्यम् (C) कार्यम् (D) पठनीयम्
21. डी॰ ए॰ वी॰ विद्यालय की स्थापना किसने की ?
(A) स्वामी विरंजानन्द ने (B) स्वामी विवेकानन्द ने
(C) राजा राममोहन राय ने (D) स्वामी दयानन्द के अनुयायियों ने
22. 'मन्दाकिनी-वर्णनम्' पाठ रामायण के किस काण्ड से संकलित है ?
(A) बालकाण्ड (B) सुन्दरकाण्ड (C) अयोध्याकाण्ड (D) अरण्यकाण्ड
23. राम 'मन्दाकिनी' की शोभा किसको दिखा रहे हैं ?
(A) लक्ष्मण को (B) ऋषियों को (C) विभीषण को (D) सीता को
24. पथिक स्नान करने कहाँ गया ?
(A) तालाब (B) नदी (C) झरना (D) समुद्र
25. दान किसको देना चाहिए ?
(A) धनी को (B) दरिद्र को (C) बूढ़े को (D) लाचार को
26. 'सुन्दर + तल' से कौन शब्द बनेगा ?
(A) सौंदर्यम् (B) सुन्दरतरम् (C) सुन्दरता (D) सुन्दरत्वम्
27. 'क्रीडतु' किस लकार का रूप है ?
(A) लट् (B) लङ् (C) लृट् (D) लोट्
28. 'हरिण + ङीप्' से कौन शब्द बनेगा ?
(A) हरणी (B) हरिणी (C) हारिणी (D) हरीणी
29. 'गुरुतरः' शब्द किससे बनेगा ?
(A) गुरु + इष्ठन् (B) गुरु + तमप् (C) गुरु + ईयसुन् (D) गुरु + तरप्
30. 'लिखितवान्' में कौन प्रत्यय है ?
(A) क्त (B) क्तवतु (C) शतृ (D) शानच्
31. 'वर्तमानम्' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) शतृ (B) शानच् (C) क्त (D) क्तवतु
32. 'त्व' प्रत्यय किस शब्द में है ?
(A) मानवता (B) धनी (C) देवत्वम् (D) दैवतम्
33. स्त्री प्रत्यय कितने हैं ?
(A) छः (B) दश (C) सात (D) आठ
34. 'अश्व + टाप्' से कौन शब्द बनेगा ?
(A) अश्वा (B) अश्वी (C) अश्म (D) असुर
35. 'क्षत्रियः' शब्द में कौन-सा तद्धित प्रत्यय है ?
(A) घ (B) अण् (C) इञ् (D) अञ्
36. अवैर, करुणा और मैत्रीभाव से किसकी उत्पत्ति होती है ?
(A) अशान्ति की (B) शान्ति की (C) उपद्रव की (D) स्थिरता की
37. 'शास्त्रकाराः' पाठ में उठकर सादर अभिवादन कौन करते हैं ?
(A) शिक्षक (B) शिक्षिका (C) राजा (D) छात्रगण
38. न्यायदर्शन के प्रवर्तक कौन हैं ?
(A) कणाद (B) कपिल (C) गौतम (D) जैमिनी
39. दुःख का विषय क्या है ?
(A) शान्तिः (B) अशान्तिः (C) हिंसा (D) आतंकवादः

BiharboardQuestionpaper.com

40. कर्ण शक्र को चौथी बार क्या देना चाहा ?
(A) हाथी (B) घोड़ा (C) गाय (D) सोना

41. 'मैथिली भाषा के कवि' कौन हैं ?
(A) राजशेखर (B) विद्यापति (C) दामोदर गुप्त (D) कालिदास

42. अलमशाला में आग कब लगाई गई ?
(A) रात में (B) दिन में
(C) जब सब सो रहे थे (D) जब सब भोजन कर रहे थे

43. लौकिक संस्कृत साहित्य में लगभग कितनी कवयित्रियों के पद्य मिलते हैं ?
(A) तीस (B) चौबीस (C) चार सौ (D) चालीस

44. 'सर्वशुक्ला सरस्वती' किसने कहा है ?
(A) दण्डी (B) राजशेखर (C) याज्ञवल्क्य (D) विजयाङ्का

45. 'जगत् + गौरवम्' की सन्धि क्या होगी ?
(A) जगगौरवम् (B) जगद्गौरवम् (C) जगतगौरवम् (D) जगत्गौरवम्

46. 'इ + अ' के मेल से कौन-सा नया वर्ण बनेगा ?
(A) अय् (B) आय् (C) य (D) ए

47. 'नीलम्-उत्पलम्' का समस्त पद कौन-सा है ?
(A) नीलउत्पलम् (B) नीलकमलम् (C) उत्पलनीलम् (D) नीलोत्पलम्

48. 'सर्वतः' के योग में कौन-सी विभक्ति होगी ?
(A) द्वितीया (B) तृतीया (C) चतुर्थी (D) सप्तमी

49. 'सः' पद का मूलरूप क्या है ?
(A) एतत् (B) तत् (C) यत् (D) अदस्

50. 'ज्ञा' धातु के लट् लकार का रूप कौन-सा है ?
(A) ज्ञास्यति (B) जानातु (C) जानाति (D) अजानात्

51. 'नेच्छामि नेच्छामि' किसने बार-बार कहा ?
(A) कुन्ती (B) शक्र (C) कर्ण (D) शल्य

52. 'व्याघ्र-पथिक कथा' पाठ में किसके लिए 'कौन्तेय' शब्द का प्रयोग हुआ है ?
(A) पथिक (B) बाघ (C) अर्जुन (D) युधिष्ठिर

53. 'नीतिश्लोकाः' पाठ महाभारत के किस पर्व से संकलित हैं ?
(A) वन पर्व (B) उद्योग पर्व (C) शांति पर्व (D) भीष्म पर्व

54. 'अहह, महापंके पतितोऽस्मि।' किसने कहा ?
(A) बाघ (B) पथिक (C) धार्मिक (D) साधु

55. 'मन्दाकिनी वर्णनम्' पाठ के कवि कौन हैं ?
(A) वेदव्यास (B) वाल्मीकि (C) कालिदास (D) भारवि

56. स्वामी दयानन्द का परिवार किसका उपासक था ?
(A) विष्णु (B) शक्ति (C) शिव (D) सगुण

57. 'राम प्रवेश राम' उच्च विद्यालय में कौन-सा स्थान प्राप्त किया ?
(A) पाँचवाँ (B) तीसरा (C) दूसरा (D) पहला

58. आचार का हनन किससे होता है ?
(A) अलक्षण (B) सुलक्षण (C) काम (D) क्रोध

59. भारतीय संस्कृति की अद्वितीय विशेषता क्या है ?
(A) संस्कार (B) धर्म (C) जाति (D) सम्प्रदाय

60. 'भवन्ति ............ पुरुषाः सुरत्वात्।'
(A) ते (B) भूयः (C) देवाः (D) गायन्ति

61. इन्द्र ने कर्ण से छल क्यों किया ?
(A) कृष्ण की सहमति के लिए (B) कौरवों को जीताने के लिए
(C) अर्जुन की सहायता के लिए (D) पाण्डवों को हराने के लिए

62. 'कर्णभार' रूपक के रचनाकार कौन हैं ?
(A) कालिदास (B) महर्षि व्यास (C) भवभूतिः (D) महाकवि भास

BiharboardQuestionpaper.com

63. 'अङ्गराज' किसे कहा गया है ?
(A) कर्ण (B) शल्य (C) अर्जुन (D) दुर्योधन

64. अपने और पराये की गणना कौन करता है ?
(A) विशाल हृदय वाला (B) संकुचित हृदय वाला
(C) दुर्जन (D) सज्जन

65. शत्रुता को कौन बढ़ाता है ?
(A) स्वार्थ (B) परमार्थ (C) परोपकार (D) अहिंसा

66. 'आगत्य' शब्द किससे बना है ?
(A) आ + गम् + क्त्वा (B) आ + गम् + ल्यप्
(C) आ + गम् + अनीयर् (D) आ + गम् + ण्यत्

67. विधिलिङ् लकार का रूप कौन-सा है ?
(A) पठामि (B) पठ (C) पठिष्यति (D) पठेत्

68. 'अपवर्गे तृतीया' सूत्र से किस वाक्य में तृतीया विभक्ति हुई है ?
(A) गुरुणा सह छात्रा: गता: (B) गणेश: प्रकृत्या सुन्दर: अस्ति
(C) स: योजनेन कथां समाप्तवान् (D) अहं वायुयानेन गमिष्यामि

69. चरक और सुश्रुत ने किस शास्त्र का प्रवर्तन किया ?
(A) आयुर्वेदशास्त्र (B) वास्तुशास्त्र (C) ज्योतिषशास्त्र (D) कृषि विज्ञान

70. 'बृहत्संहिता' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) वराहमिहिर (B) आर्यभट्ट (C) बादरायण (D) कणाद

71. पाटलिपुत्र किस नदी के किनारे अवस्थित हैं ?
(A) गङ्गा (B) सोन (C) पुनपुन (D) गंडक

72. राजशेखर का प्रमुख काव्य-ग्रन्थ कौन है ?
(A) काव्यप्रकाश (B) काव्यमीमांसा (C) साहित्य दर्पण (D) कुट्टनीमत

73. छोटे से भी छोटा और बड़े से भी बड़ा क्या है ?
(A) ईश्वर (B) शरीर (C) आत्मा (D) मन

74. नदियाँ समुद्र में कैसे मिलती हैं ?
(A) नाम को छोड़कर (B) रूप को छोड़कर
(C) नाम और रूप के साथ (D) नाम और रूप को छोड़कर

75. 'इतस्तत:' का संधि विच्छेद क्या होगा ?
(A) इत: + तत: (B) इत + स्तत: (C) इतस + तत: (D) इत: + स्तत:

76. 'दुर्गति:' में कौन-सा उपसर्ग है ?
(A) दुस् (B) दुर् (C) उत् (D) उप

77. 'पुरुष परीक्षा' का विग्रह क्या होगा ?
(A) पुरुषस्य परीक्षा (B) पुरुषाय परीक्षा (C) पुरुषेण परीक्षा (D) पुरुषे परीक्षा

78. 'कर्तृ' किस शब्द का रूप है ?
(A) कर्तरि (B) कर्ता (C) कर्तृ (D) कर्तारम्

79. 'इच्छति' किस धातु का रूप है ?
(A) ईक्ष् (B) इच्छ् (C) इण् (D) इष्

80. कौन क्रिया के सम्पादन में स्वतन्त्र होता है ?
(A) कर्ता (B) कर्म (C) करण (D) अपादान

81. 'बालकाय मोदकं रोचते।' वाक्य के 'बालकाय' पद में चतुर्थी विभक्ति किस सूत्र से हुई है ?
(A) रुच्यर्थानां प्रीयमान: (B) स्पृहेरीप्सित: (C) चतुर्थी सम्प्रदाने (D) धारेरुत्तमर्ण:

82. 'पतीन्' पति शब्द के किस विभक्ति का रूप है ?
(A) चतुर्थी (B) द्वितीया (C) प्रथमा (D) सप्तमी

83. 'श्यामा' में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?
(A) डाप् (B) चाप् (C) टाप् (D) आ

84. 'कृ + क्त' से कौन पद बनेगा ?
(A) कृतम् (B) कृतवान् (C) कुर्वन् (D) कार्यम्

BiharboardQuestionpaper.com

85. 'यादव:' पद में कौन-सा तद्धित प्रत्यय है ?
(A) ठक् (B) अण् (C) इञ् (D) ढक्

86. 'शानच्' प्रत्यय से कौन-सा पद बना है ?
(A) सेवनम् (B) सेवितम् (C) सेवमानम् (D) सेवितव्यम्

87. किस पद में 'ठक्' प्रत्यय है ?
(A) बन्धुता (B) बान्धव: (C) बुद्धिमान् (D) साहित्यिक:

88. लक्ष्मी किसके पास जाती है ?
(A) परिश्रमी (B) आलसी (C) अकर्मण्य (D) भिखारी

89. भीखन टोला देखने कौन आया था ?
(A) प्रशासन (B) अध्यापक (C) नेता (D) साधु

90. स्वामी दयानन्द ने किस संस्था की स्थापना की ?
(A) धर्म समाज (B) बहुजन समाज (C) आर्य समाज (D) गिरिजन समाज

91. किस शब्द में विसर्ग सन्धि नहीं है ?
(A) कारूणिकश्च (B) विद्यापतिरासीत् (C) नीरोग: (D) नगरेऽस्मिन्

92. किस वाक्य में 'येनाङ्गविकार:' सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है ?
(A) पुत्रेण सह पिता गृहं गच्छति (B) दण्डेन घट: निर्मीयते
(C) दिनेश: कर्णेन बधिर: अस्ति (D) स: मासेन व्याकरणम् अधीतवान्

93. 'यत्' सर्वनाम के प्रथमा विभक्ति एकवचन का रूप कौन-सा है ?
(A) य: (B) येन (C) यस्मै (D) यम्

94. 'हिमालयात् गङ्गा प्रभवति।' वाक्य के 'हिमालयात्' पद में पञ्चमी विभक्ति किस सूत्र से हुई है ?
(A) भीत्रार्थानां भय हेतु: (B) भुव: प्रभव: (C) जनिकर्तु: प्रकृति: (D) अपादाने पञ्चमी

95. 'चयनम्' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा ?
(A) च + यनम् (B) चै + अनम् (C) चे + अनम् (D) चो + अनम्

96. 'राज + छत्रम्' की सन्धि क्या होगी ?
(A) राजछत्रम् (B) छत्रराजम् (C) राजछात्रम् (D) राजच्छत्रम्

97. 'उ + अ' के मेल से कौन-सा वर्ण बनेगा ?
(A) व (B) ओ (C) अव (D) य

98. किस शब्द में समाहर द्विगु समास है ?
(A) पंचतंत्रम् (B) सेनापति: (C) अहर्निशम् (D) यथाशक्ति

99. 'घन इव श्याम:' का समस्त पद क्या होगा ?
(A) श्यामघन: (B) घनेवश्याम: (C) घनश्याम: (D) घनिवश्याम:

100. 'लम्बोदर:' में कौन समास है ?
(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष (C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

## खण्ड–ब ( विषयनिष्ठ प्रश्न )

## अपठित गद्यांश ( 13 अंक )

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

(अ) अथ निरन्तरं वर्धमानेन प्रदूषणेन मानवजाति: विविधै: रोगै: आक्रान्ता दृश्यते। वैज्ञानिका: अस्या: प्रदूषणसमस्याया: समाधाने दिवानिशं प्रयतन्ते किन्तु यावद् देशस्य जनता पर्यावरणस्य रक्षणे कृतसंकल्पा न भविष्यति, तावद् इयं समस्या तथैव स्थास्यति। जनै: सम्यग् ज्ञातव्यं यत् पर्यावरणस्य रक्षणे एव अस्माकं रक्षणं भविष्यति। एतदर्थं स्थाने-स्थाने वृक्षा: रोपणीया:। वनानां छेदनं रोद्धव्यम्। पवन: शुद्ध: भवेत् एतदर्थं प्रयत्न: करणीय:। 2×1=2

(i) एक पदेन उत्तरत–
(क) पर्यावरणस्य रक्षणे केषां रक्षणं भविष्यति ?
(ख) स्थाने-स्थाने के रोपणीया: ? 2×2=4

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत–
(क) पर्यावरणस्य रक्षणार्थं जनै: किं कर्तव्यम् ?
(ख) जनै: सम्यक् किं ज्ञातव्यम् ?

BiharboardQuestionpaper.com

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

अथवा,

पेंग्विनपक्षिराजस्य कुलाय व्यवहार: अद्भुत: वर्तते। तस्य स्त्री हिमस्य उपरि केवलम् एकमेव अण्डं सूते सपदि च समुद्रं प्रति निवर्तते। पुमान् पेंग्विनपक्षी स्वशावकस्य उद्भवपर्यन्तम् अण्डं सेवते। स तदण्डं स्वपादयोः समीपे कृत्वा स्वशरीरस्य अधोभागेन आवृत्य तिष्ठति। तदा स: अन्यै: अनेकैः पुंभि: पेंग्विनपक्षिभि: साकं मासद्वयपर्यन्तम् अण्डं सेवमान: तिष्ठति। एतस्मिन् अन्तराले स किञ्चिदपि न खादति। अहो ! पितृवात्सलयम्।

(i) एक पदेन उत्तरत– 2×1=2

(क) स्त्रीपेंग्विनपक्षी एकस्मिन् समये कति अण्डं सूते ?

(ख) पेंग्विनपक्षिराजस्य क: अद्भुत: वर्तते ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत– 2×2=4

(क) पुमान् पेंग्विनपक्षी कदा पर्यन्तं अण्डं सेवते ?

(ख) पुमान् पेंग्विनपक्षी कै: साकं अण्डं सेवमान: तिष्ठति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

(ब) जीवने किमपि लक्ष्यम् अवश्यं भवेत्। लक्ष्यहीनं जीवनं तु पशुतुल्यमेव। लक्ष्यम् अपि परहितकारकं भवेत्। एतादृश्येन लक्ष्येण अस्माकं जीवनम् उत्साहपूर्णं भविष्यति। परोपकारेण एव मनुष्य: जीवने वास्तविकं सुखं शान्तिं च प्राप्नोति। यदि जना: आलोचनाम् अपि कुर्वन्ति, तथापि फलस्य चिन्तां बिना अग्रे गमनम् एव अस्माकं कर्तव्यम्।

(i) एक पदेन उत्तरत– 2×1=2

(क) कस्य चिन्तां बिना अग्रे गन्तव्यम् ?

(ख) जीवने किम् अवश्यं भवेत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत– 2×2=4

(क) अस्माकं लक्ष्यं कीदृशं भवेत् ?

(ख) मनुष्य: जीवने केन सुखं प्राप्नोति ?

अथवा

किं नाम संस्कृति: ? चेतस: संस्करणं संस्कृति: इति अभिधीयते। सा नाम संस्कृति: या मनस: मलं अपनयति, चेतस: चाञ्चल्यं दूरीकरोति, आत्मनश्च अज्ञानावरणम् अपसारयति। एषा लोकस्य राष्ट्रस्य संसृतेश्च उपकरोति। अस्मिन् विश्वे सा एव संस्कृति: उपादेया वर्तते यया सर्वेषां स्वान्तेषु विश्वहितं विश्वबन्धुत्वं च आदर्शत्वेन उररीक्रियते।

(i) एक पदेन उत्तरत– 2×1=2

(क) कस्य संस्करणं संस्कृति: ?

(ख) का मनस: मलम् अपनयति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत– 2×2=4

(क) संस्कृति: केषाम् उपकरोति ?

(ख) अस्मिन् विश्वे का संस्कृति: उपादेया ?

## संस्कृते पत्र-लेखनम् (08 अंक)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें : 4×2=8

(i) विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक यात्रा पर जाने की अनुमति देने के लिए पिता को एक पत्र संस्कृत में लिखें।

(ii) पाँच दिनों का रुग्णावकाश प्रदान करने के लिए प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें।

(iii) विद्यालय में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु प्रधानाचार्य को संस्कृत में एक पत्र लिखें।

(iv) अपने जन्म दिन समारोह में सम्मिलित होने के लिए मित्रों को एक निमन्त्रण पत्र संस्कृत में लिखें।

## संस्कृते अनुच्छेद-लेखनम् (13 अंक)

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सात वाक्यों में एक अनुच्छेद लिखें : 7

(क) वैश्विक-महामारी कोरोना (ख) प्रियकवि: (ग) मम ग्राम:

(घ) महात्मा गाँधी (ङ) वसन्त-ऋतु:

BiharboardQuestionpaper.com

4. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें : 1×6=6

(क) संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है।
(ख) वह गीता के साथ पढ़ने के लिए जायेगी।
(ग) हमेशा लोकहित सोचना चाहिए।
(घ) मैं सूर्य उगने पर जाऊँगा।
(ङ) हम सब प्रातः भ्रमण करते हैं।
(च) मुझे मिठाई पसंद है।
(छ) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।
(ज) श्रीगणेश को नमस्कार है।
(झ) नदियों में गङ्गा सबसे पवित्र है।
(ञ) गङ्गा हिमालय से निकलती है।
(ट) राम चार भाई थे।
(ठ) राम की पत्नी सीता थी।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (16 अंक)

5. निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें : 8×2=16

(क) प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में वर्णित पटना के विभिन्न नामों का उल्लेख करें।
(ख) विद्वान् परमात्मा के पास क्या छोड़कर जाते हैं ?
(ग) राजशेखर ने पटना को किस रूप में स्मरण किया है ?
(घ) अलसशाला में आग क्यों लगाई गई ?
(ङ) विजयांका की विशेषताओं का वर्णन करें।
(च) 'भारतमहिमा' पाठ के आधार पर भारत का वर्णन संक्षेप में करें।
(छ) शिक्षा संस्कार में कौन-कौन से संस्कार होते हैं ?
(ज) मूर्ख किसे कहा गया है ?
(झ) राम प्रवेश राम के जीवन से क्या शिक्षा मिलती है ?
(ञ) स्वामी दयानन्द पर रात्रि जागरण का क्या प्रभाव पड़ा ?
(ट) अति संक्षेप में मन्दाकिनी नदी का वर्णन करें।
(ठ) किसको दान देना चाहिए ?
(ड) वैज्ञानिक शास्त्रों का परिचय दें।
(ढ) 'ज्ञानं भारः क्रियां बिना' का अर्थ स्पष्ट करें।
(ण) वेदाङ्ग कौन-कौन से हैं ?
(त) चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में पटना की रक्षा व्यवस्था कैसी थी ?

## उत्तर

### खण्ड–अ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (B) | 4. (C) | 5. (D) | 6. (A) | 7. (A) |
| 8. (B) | 9. (C) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (B) | 13. (C) | 14. (D) |
| 15. (A) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (D) | 21. (D) |
| 22. (C) | 23. (D) | 24. (A) | 25. (B) | 26. (C) | 27. (D) | 28. (B) |
| 29. (D) | 30. (B) | 31. (B) | 32. (C) | 33. (D) | 34. (A) | 35. (A) |
| 36. (B) | 37. (D) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (D) | 41. (B) | 42. (C) |
| 43. (D) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (C) | 47. (D) | 48. (A) | 49. (B) |
| 50. (C) | 51. (B) | 52. (A) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (B) | 56. (C) |
| 57. (D) | 58. (D) | 59. (A) | 60. (B) | 61. (C) | 62. (D) | 63. (A) |
| 64. (B) | 65. (A) | 66. (B) | 67. (D) | 68. (C) | 69. (A) | 70. (A) |
| 71. (A) | 72. (B) | 73. (C) | 74. (D) | 75. (A) | 76. (B) | 77. (A) |
| 78. (C) | 79. (D) | 80. (A) | 81. (A) | 82. (B) | 83. (C) | 84. (A) |
| 85. (B) | 86. (C) | 87. (D) | 88. (A) | 89. (B) | 90. (C) | 91. (D) |
| 92. (C) | 93. (A) | 94. (B) | 95. (C) | 96. (D) | 97. (A) | 98. (A) |
| 99. (C) | 100. (D) | | | | | |

### खण्ड–ब

1. (अ) (i) (क) अस्माकम् (ख) वृक्षाः।
(ii) (क) पर्यावरणस्य रक्षणार्थं जनैः स्थाने-स्थाने वृक्षाः रोपणीयः। वनानां छेदरं रोद्धव्यम्।
(ख) जनैः सम्यग् ज्ञातव्यं यत् पर्यावरणस्य रक्षणे एव अस्माकं रक्षणं भविष्यति।
(iii) पर्यावरण रक्षणं।

अथवा,

(i) (क) एकम्। (ख) व्यवहारः।

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

(ii) (क) पुमान् पेंग्विनपक्षी सवशावकस्य उद्भवपर्यन्तम् अण्डं सेवते।

(ख) पुमान् पेंग्विनपक्षी अन्यैः अनेकैः पुंभिः पेंग्विनपक्षिभिः साकं मासद्वयपर्यन्तम् अण्डं सेवमानः तिष्ठति।

(iii) पेंग्विनपक्षी/पितृवात्सल्यम्।

(ख) (i) (क) फलस्य। (ख) लक्ष्यम्।

(ii) (क) अस्माकं लक्ष्यम् पर हितकारकं भवेत्।

(ख) परोपकारेण एव मनुष्यः जीवने वास्तविकं सुखं शांति च प्राप्नोति।

अथवा,

(i) (क) चेतसः। (ख) संस्कृतिः।

(ii) (क) संस्कृतिः लोकस्य राष्ट्रस्य संसृतेश्च उपकरोति।

(ख) अस्मिन् विश्वे सा एव संस्कृतिः उपादेया वर्तते यया सर्वेषां स्वान्तेषु विश्वहितं विश्वबन्धुत्वं च आदर्शत्वेन उररीक्रियते।

2. (i)

छात्रावासतः पाटलिपुत्रतः
तिथि : 23.02.2021

परमादरणीया, पितृमहाभागाः

सादरं प्रणामाः।

अत्र कुशलं तत्रास्तु। कथनीयमस्ति यत् मम प्रथम सावधिक परीक्षा समाप्तिं गता। छात्रावासस्य सर्वे छात्रा अध्यापकैः यह शैक्षिक भ्रमणार्थं गमिष्यन्ति। अहमपि अस्यां यात्रायां गन्तुम् इच्छामि। एतदर्थं भवतः अनुमतिः आवश्यकी वर्तते। मार्गव्ययार्थं रुप्यकाणि अपि संप्रेषयन्तु भवन्तः। श्रेष्ठेभ्यो कनिष्ठेभ्यों स्नेहः।

भवताम् पुत्रः
महेशः

(ii) सेवायाम्

आदरणीया प्रधानाचार्या महोदयः,
राजकीय उच्च विद्यालयः कंकड़बाग, पटना

**विषय** : अवकाशार्थं

महाशयः

सविनयं निवेदन अस्ति यत भ्रातुः विवाहः शवः भविष्यति। अहं विद्यालयम् आगन्तुम् असमर्थं अस्मि। अतः माम पञ्च दिवसस्य पाँच दिनद्वयस्य अवकाशं प्रदाय भवन्तः माम् अनुग्रहणन्तु।

सधन्यवादम्।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें...

भवताम् शिष्या
प्रियंका
कक्षा-दशमी
परीक्षाभवनात्
तिथि : 23.02.2021

(iii) सेवायाम्

प्रधानाध्यापक महोदयः
राजकीयकृत उच्च विद्यालयः, पहरपुरग्रामः

महाशयः,

सविनयं निवेदनम् अस्ति यत् विद्यालयस्य मण्डल क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी मासे भविष्यति। अस्मिन् विद्यालयं क्रीडायाः समुचितं व्यवस्था नास्ति। क्रीडासामग्री अपि जीर्ण-शीर्ण अवस्थायाम् अस्ति। विद्यालयस्य क्रीडकाः सर्वोच्च स्थान प्राप्तुम् इच्छान्ति। अतएव भवन्तं प्रति अनुरोधम् अस्ति यत् शीघ्रातिशीघ्रम् क्रीडायाः सम्बन्धी व्यवस्था समुचितं करोतु।

भवतः विद्यालयस्य
क्रीडकछात्राः
परिक्षाभवनात्
तिथि : 23.02.2021

BiharboardQuestionpaper.com

(iv) प्रिय मित्र विवेक,

मधुरस्मृत्य:

शुभ समाचारं अस्ति। यत् अस्मिन् वर्षे मम जन्मदिवस: आगामी सोमवासरे भविष्यति। प्रतिवर्षमित्र मम पिता लघुसमारोहस्य आयोजनम् कृतम्। पूजाया: कार्यक्रम: सार्धचतुर्वादने भविष्यति। तत्पश्चात् जलपानम् भविष्यति। सर्वाणि अपि मम मित्राणि आगमिष्यन्ति। त्वाम् अपि निमंत्रणम् प्रेषयामि। त्वमपि सपरिवारम् उचितसमये आगत्य समारोहस्य शोभां वर्धस्व।

तव मित्रम्

आशीष:

3. **( क ) वैश्विक-महामारी कोरोना**

कोरोना वायरसजनित: एक: विश्वव्यापी संक्रामक: व्याधिरस्ति। अयम् कोविड-19 नामकं वायरसै: प्रसरति। एतेन संक्रमितानां जनानां सम्पर्क: अत्येषु जनेषु प्रसरति। विश्व-स्वास्थ्य संगठानुसारं मुख संरक्षक वस्त्रं प्रयोगम्, सामाजिक-दूरी नियमित अंतराले हस्त प्रच्छातनम् च अस्य प्रसारम् अवरोधति। प्रतिरोधक क्षमता वाध क्यौयं पौष्टिक आहारम अपि आवश्यकम्। अयम महामारी सम्पूर्णे विश्वे अपार जनहानि: अर्थहानि: च अकार्मत। अर्थव्यवस्था ऋणात्मक गत:। सर्वेजना: स्व-स्व गृहेषु एव कारागारं इव बंद: अभवन्। वैज्ञानिका: अस्य टीका अन्विष्य जमेध्य: जीवनं रक्षणस्य महत् कार्यं अकरोत। सम्प्रति जना: टीकां गृहीत्वा भयात् मुक्त: अछनुवन्ति:।

**( ख ) प्रियकवि:**– देखें 2015 (C), प्रश्न संख्या 3 (ग) का उत्तर।

**( ग ) मम ग्राम:**– देखें 2015 (A), द्वितीय पाली, प्रश्न संख्या 3 (iii) का उत्तर।

**( घ ) महात्मा गाँधी**

अस्माकं प्रिय नेता राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी अस्ति। स हि गतोऽपि जीवित: एव अस्ति। यशस्विने जना: भौतिकेन शरीरेण म्रियन्ते। यश: शरीरेण ते सदा जीवन्ति। महात्मा गाँधी गुर्जरजोऽपि अखिलभारतीय आसीत्। सत्यभाषणं, सत्याचरणम् तस्य जीवनादर्शम् आसीत्। मनसि वचसि कर्मणि च तस्य एकता आसीत्। अफ्रिकादेशे सुख्याति लब्ध्वा स्वदेशसमागत्य स्वदेशस्य स्वाधीनतायै सत्यग्रह: कृत: निखिल: देश: तं पितरम् अमन्यत। तस्यैव प्रयत्नेन अस्माभि: स्वाधीनता लब्धा। स: महापुरुष: अपर: बुद्ध: आसीत्। सत्ये अहिंसायां तस्य दृढ: विश्वास: आसीत्।

**( ङ ) वसन्त: ऋतु:**

भारतवर्षे षड्ऋतव: भवन्ति। तेषां वसन्त: प्रथम: अस्ति। वसंतकाल: मनोरम: वर्तते। एतस्मिन् समये न अति ऊष्मा न वा अति शीतलता। वसंतकाले सुखदायक: अनिल: प्रवहति। वृक्षेषु लतासु सुन्दराणि विविध वर्णानिं कुसुमानि शोभन्ते। पलाशपुष्पै: वनस्थली आरक्ता जायते। अस्मिन् काले क्षेत्राणि सस्यपूर्णानि दृश्यन्ते। जना: नवान्नदर्शनेन प्रमुदिता: भवन्ति। ते फाल्गुनमासे होलिकोत्सव मन्यन्ते। ते सोल्लासपूर्वं परस्परं मिलन्ति रागै: क्रीडन्ति च।

4. (क) संस्कृतभाषा सर्वासां भाषानाम् जननी वर्तते। (ख) सा गीतया सह पठनाय गमिष्यति।
(ग) सर्वदा लोकहितम् चिन्तयेत्। (घ) अहम् उदिते सूर्ये गमिष्यामि।
(ङ) वयम् प्रात: भ्रमाम:। (च) महयम् मिष्ठान्नम् रोचते।
(छ) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद: भारतवर्षस्य प्रथम: राष्ट्रपति आसीत्। (ज) श्रीगणेशाय नम:।
(झ) नदिषु/नदीनां गंङ्गा पवित्रतमा वर्तते। (ञ) गंङ्गा हिमालयात् निकषति।
(ट) राम: चत्वार: भ्रातार: आसन्। (ठ) रामस्य भार्या सीता आसीत्।

5. (क) देखें 2018 (A), द्वितीय पाली, प्रश्न संख्या 6 (ख) का उत्तर।

(ख) जिस प्रकार बहती हुई नदियाँ अपने नाम और रूप अर्थात् व्यक्तित्व को छोड़कर समुद्र में मिल जाती हैं, उसी प्रकार विद्वान् पुरुष भी अपने नाम और रूप त्यागकर ब्रह्म अर्थात् परमात्मा में विलीन हो जाते हैं। इसका मूल भाव है कि नदी के समान विद्वान पुरुष में अहंकार नहीं होता है फलस्वरूप वे ब्रह्म को प्राप्त कर लेते हैं।

(ग) देखें 2018 (A), प्रथम पाली, प्रश्न संख्या 6 (क) का उत्तर।

(घ) अलसशाला के कर्मियों ने अनुभव किया कि धूर्त लोग भी बनावटी आलस्य दिखाकर छल से आलसियों के समान धन प्राप्त कर लेते हैं। परिणामस्वरूप आलसियों को उचित लाभ नहीं मिल पाता है। आलसियों तथा धूर्त दोनों में अंतर करने के लिए अलसशाला के कर्मियों ने आलसियों की परीक्षा ली और अलसशाला में आग लगा दी।

BiharboardQuestionpaper.com

(ङ) नीलकमल की पंखुड़ियों की तरह विजयाङ्का अपनी रचना में अद्‌भुत लेखन कला की आभा बिखेरती है। वह श्यामवर्णा थी, किंतु उसकी कृतियाँ ज्योतिर्मय थी। एक असाधारण लेखिका की पराकाष्ठा से प्रभावित होकर ही दण्डी कवि ने उसे 'सर्वशुक्ला सरस्वती' कहा है।

(च) भारतमहिमा पाठ में पौराणिक एवं आधुनिक पद्य संकलित हैं। भारत में जन्म लेकर लोग धन्य होते हैं और हरि की सेवा करते हैं। उन्हें स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त होता है। देवता लोग इस देश का गुणगान करते हैं। इस दिशा की भूमि सदैव पवित्र एवं ममतामयी है। यहाँ विभिन्न जातियों एवं धर्मों के लोग एकताभाव को धारण करते हुए निवास करते हैं। हमारी भूमि सागरों, पर्वतों, झरनों तथा बहती हुई नदियों से सदा सेवित है। यह विशाल, रमणीयस्वरूपवाली, शोभनीया तथा संसार का गौरव है।

(छ) देखें 2018 (A), प्रथम पाली, प्रश्न संख्या 6 (घ) का उत्तर।

(ज) 'नीतिश्लोका:' पाठ में विदुर ने बताया है कि जो मनुष्य बिना बुलाए आता है, बिना पूछे बहुत बोलता है और अविश्वासी पर विश्वास करता है, उसे ही मूर्ख कहा गया है। इसके माध्यम से विदुरजी का कहना है कि हमें समय तथा स्थिति के अनुसार विवेक से काम करना चाहिए।

(झ) राम प्रवेश राम के जीवन से हमें शिक्षा मिलती है कि गाँव में रहनेवाले दलित एवं निर्धन छात्र भी मेहनत के बल पर सर्वोच्च शिखर पर पहुँच सकते हैं। लगन, उत्साह और धैर्य से मनुष्य किसी भी कठिनाई पर विजय प्राप्त कर सकता है। इससे हमें मेहनती बनकर सफलता प्राप्त करने की शिक्षा मिलती है।

(ञ) स्वामी दयानंद के माता-पिता भगवान शिव के उपासक थे। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दिन शिव-पार्वती की पूजा इनके परिवार में विशेष रूप में मनाई जाती थी। एक बार महाशिवरात्रि के दिन इन्होंने देखा कि एक चूहा भगवान शंकर की मूर्ति के ऊपर चढ़कर उनपर चढ़ाए हुए प्रसाद को खा रहा है। इससे उन्हें विश्वास हो गया कि मूर्ति में भगवान नहीं होते।

(ट) 'मंदाकिनी नदी वर्णनम्' पाठ वाल्मीकीय रामायण के अयोध्याकांड के 95वाँ सर्ग से लिया गया है। वनवास के दौरान राम, लक्ष्मण और सीता चित्रकूट पहुँचते हैं, जहाँ राम सीता को मंदाकिनी नदी को दिखलाते हुए उसके छटा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि यह नदी प्राकृतिक संसाधनों से मन को आनंदित करनेवाली हैं। इस नदी में मुनि लोग स्नान करते हैं सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

(ठ) 'कर्णस्य दानवीरता' पाठ में दान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है। दान ही मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ गुण है, क्योंकि दान ही स्थिर रहता है। शिक्षा समय परिवर्तन के साथ समाप्त हो जाती है। वृक्ष भी समय के साथ नष्ट हो जाता है। इतना ही नहीं, जलाशय भी सूखकर समाप्त हो जाता है। इसलिए शरीर का मोह किए बिना दान अवश्य करना चाहिए।

(ड) चरक-रचित चरकसंहिता एवं संश्रुत-रचित सुश्रुतसंहिता ऐसा ग्रन्थ है, जिसमें आयुर्वेद के साथ-साथ रसायनविज्ञान एवं भौतिकविज्ञान का भी विस्तृत वर्णन है। आर्यभट्ट-रचित 'आर्यभटीयम्', वराहमिहिर-रचित वृहत्संहिता तथा पराशरमुनि द्वारा रचित कृषि-विज्ञान में गणित, खगोल तथा कृषि-संबंधी विस्तृत जानकारी है।

(ढ) नारायण पंडित रचित व्याघ्रपथिककथा में सोने के कंगन के लोभ के कारण बूढ़े बाघ के द्वारा पथिक पकड़ लिया जाता है और खा लिया जाता है। लोभ हमें विनाश की ओर ले जाता है। इसलिए हमें लोभ नहीं करना चाहिए। इसका परिणाम बुरा होता है। व्यवहार के बिना ज्ञान भारस्वरूप है। हमें जानना चाहिए कि बाघ कदापि अहिंसक नहीं हो सकता। यह वाक्य इस कथा पर उचित प्रतीत होता है।

(ण) वेदाङ्ग छः हैं–शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरूक्त, छन्द और ज्योतिष।

(त) देखें 2019 (A), प्रथम पाली, प्रश्न संख्या 5 (ण) का उत्तर।

BiharboardQuestionpaper.com